NSW शिक्षा विभाग

मेरी संतान के लिए ऑपरट्यूनिटी क्लास (सुअवसर कक्षा) या सिलेक्टिव हाई स्कूल में भाग लेने हेतु आवेदन करना

सिलेक्टिव स्कूल ही क्यों?

उच्च क्षमता वाले और गिफ्टिड (प्रतिभाशाली) विद्यार्थियों को एक साथ समूह में लाने और शिक्षा के विशेषज्ञ तरीकों का प्रयोग करने से निम्नलिखित में सहायता मिलती है:

- **उनके अकादमिक विकास में**
- **उनके भावनात्मक कल्याण में; और**
- **उनकी मित्रताओं और सामाजिक जीवन में।**

विद्यार्थी हमें बताते हैं कि जब उनके सहपाठियों की समान क्षमताएँ और रूचियाँ होती हैं, तो सीखने में उन्हें और अधिक आनन्द आता है।

क्या यह मेरी संतान के लिए सही है?

यहाँ कुछ संकेत दिए गए हैं जो दर्शाते हैं कि आपकी संतान को सिलेक्टिव शिक्षा से लाभ मिल सकता है।

शीघ्रता और आसानी से सीखती है

बहुत अधिक प्रेरित है

जटिल सवाल पूछती है

याददाश्त बहुत अच्छी है

जिज्ञासु और रचनात्मक है

रूचियों की गहराई तक खोजबीन करती है

ध्यान में रखें, कुछ बच्चों की उच्च क्षमताएँ छिपी हुई हो सकती हैं। ऑपरट्यूनिटी क्लास या सिलेक्टिव हाई स्कूल में जाने से सहायता मिल सकती है।

NSW GOVERNMENT

पूरी आवेदन प्रक्रिया के दौरान मैं अपनी संतान की सहायता कैसे कर सकता/ती हूँ?

अपनी संतान के साथ सिलेक्टिव शिक्षा के **लाभों** और **चुनौतियों** के बारे में बात करें और उनके सवालों तथा चिंताओं को संबोधित करें।

अपनी **संतान के टीचर** (या उन्हें अच्छे से जानने वाले किसी अन्य कर्मचारी) से पूछें कि क्या उन्हें लगता है कि सिलेक्टिव शिक्षा आपकी संतान के लिए उचित होगी।

विकलाँगता या चिकित्सीय स्थितियों के लिए किन्हीं आवश्यक **यथोचित समायोजनों** के लिए आवेदन करें।

अपनी संतान को टेस्ट (परीक्षा) की तैयारी करने के लिए विभाग के **नि:शुल्क संसाधनों** का प्रयोग करने के लिए बढ़ावा दें।

अपनी संतान को याद दिलाएँ कि प्लेसमेंट टेस्ट के लिए उन्हें केवल **कुछ मात्रा** में **तैयारी करने** की आवश्यकता है और उन्हें कोचिंग की आवश्यकता नहीं है।

टेस्ट से पहले के समय के दौरान **पाठ्येतर गतिविधियां** जारी रखने, मित्रों से मिलने, स्वास्थ्य के लिए हितकर भोजन खाने और अच्छे से सोने में अपनी संतान की सहायता दें।

इक्विटी प्लेसमेंट मॉडल उच्च क्षमता वाले और प्रतिभाशाली (गिफ्टिड) निम्नलिखित विद्यार्थियों के लिए ऑपरट्यूनिटी क्लासों और सिलेक्टिव हाई स्कूलों में अधिकतम **20% स्थान** आरक्षित रखता है:

- **निम्न सामाजिक-शैक्षिक लाभ पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थी**
- **एबोरिजनल और/या टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी विद्यार्थी**
- **ग्रामीण और दूरवर्ती स्थानों के विद्यार्थी**
- **विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थी।**

और अधिक जानें:

edu.nsw.link/equity

https://education.nsw.gov.au/public-schools/selective-high-schools-and-opportunity-classes/general-information/translated-resources

वित्तीय सहायता

edu.nsw.link/pubedu

पब्लिक एजुकेशन फाउंडेशन स्कॉलरशिप्स NSW के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले युवाओं की अवसरों तक पहुँच प्राप्त करने और अपने सामर्थ्य को प्राप्त करने में सहायता देने के लिए वित्तीय सहायता की पेशकश करती है।

कृपया ध्यान दें कि आवेदन करने और प्लेसमेंट टेस्ट देने के लिए कोई शुल्क नहीं है, और सिलेक्टिव हाई स्कूल या ऑपरट्यूनिटी क्लास में भर्ती होने के लिए कोई स्कूल फीस नहीं है।

आवेदन करने के लिए तैयार हो जाएँ

हमारी वेबसाइट पर और अधिक जानें

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि अपनी संतान की कक्षा की टीचर से बात करने में आपको दुभाषिया सहायता की आवश्यकता है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में किसी दुभाषिए के लिए निवेदन करें। ऑपरेटर को वह फोन नम्बर बताएँ जिसपर आप चाहते/ती हैं कि कॉल की जाए और ऑपरेटर बातचीत में आपकी सहायता के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।